बिगड़ी मेरी बन गई श्याम तेरे नाम से

बिगड़ी मेरी बन गई श्याम तेरे नाम से,
ज़िंदगी मेरी बन गई तेरे नाम से,
बिगड़ी मेरी बन गई श्याम तेरे नाम से,

रोते रोते आया था मैं तुमने हसाया है,
हर दुःख में बाबा तुमने साथ निभाया है,
कैसे मैं भूलू जो तुमने दिया है,
तेरा शुकरियाँ श्याम तेरा शुकरियाँ है,
बिगड़ी मेरी बन गई श्याम तेरे नाम से,

लाख चाहे सारा जग मुझको गिराने की,
तू जो साथ है मेरा क्या फ़िक्र ज़माने की,
हर सवास में प्रभु तेरा नाम गाऊ,
सच्चा मेरा यार है तू सब को बताऊ
बिगड़ी मेरी बन गई श्याम तेरे नाम से,

इतना सा चाहु श्याम साथ तेरा छूटे ना,
बाहँदी जो प्रेम की डोरी श्याम टूटे न,
दास नरेश बाबा तेरा गुण गाये,
हारे का सहारा तुम हो सबको बताये,
बिगड़ी मेरी बन गई श्याम तेरे नाम से,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10800/title/bigdi-meri-ban-gai-shyam-tere-naam-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |